# सेंट मोन्टफोर्ट में मदर टेरेसा का जन्म दिवस उत्सव

---

अंधेरा चीरते हुए चमका, आसमान में अनोखा सितारा।

लाखों गरीबों की सेवा में आई, माता वो मदर – टेरेसा ।

प्रभु यीशु ने उन्हें जग के आँगन में उतारा ।

उन की गोद में उसने, अपना बनाया बसेरा ।

माता वो मदर –टेरेसा ।

26 अगस्त 2017 , सेन्ट मोन्टफोर्ट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में गरीब असहायों की मसीहा मदर टेरेसा की 116 वीं वर्षगांठ मनाई गई । जिसके अंतर्गत कक्षा नवीं –'बी' के छात्रों ने संत मदर टेरेसा के सेवा –कार्य तथा उनके बनाये केन्द्रों के विषय में प्रार्थना सभा में अवगत कराया तथा नृत्य –नाटिका के माध्यम से बताया कि मदर–टेरेसा ने अपनी सेवा के जरिए चारों ओर प्यार ,स्नेह , और अपनेपन का प्रकाश फैलाया, जिसके लिए भारत की धरती धन्य हो गई ।

इस अवसर पर प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में मदर एक ऐसी संत पुण्य –आत्मा थी जिन्हें परमेश्वर ने इस धरती पर मानवता की सेवा करने के लिए भेजा ।